प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में इस वर्ष भारत ने छोड़ी अमिट छाप।
- मन की बात कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने लोगों से फिट इंडिया अभियान से जुड़कर व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डॉक्टरों की हड़ताल को बताया गलत– कल से काम पर लौटने का किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– धारा 370 हटने के बाद जम्मू–कश्मीर में शांति व विकास की हुई नई शुरूआत।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता ––

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल आखिरी बार आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा किये। उन्होंने इस वर्ष के अनेक गौरवशाली पलों को याद किया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि अब भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।*

*प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जोश की प्रशंसा की। उन्होंने लोगों से हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजने का अनुरोध किया था।*

*नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2025 खेल के लिए भी यादगार रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीता। दृष्टिबाधितों का टी–20 क्रिकेट विश्वकप जीतकर भारत की बेटियों ने इतिहास रचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एशिया कप*

*टी–20 क्रिकेट में भी तिरंगा गौरव से लहराया। उन्होंने विश्व चौंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कई प्रयास भी 2025 की पहचान बने।*

*नरेन्द्र मोदी ने सभी से स्वस्थ रहने और फिट इंडिया अभियान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शीतकाल व्यायाम के लिए उपयुक्त होता है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। उन्होंने नई पीढ़ी की नई सोच और नए तरीकों के साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की।*

*रतेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

डॉक्टर हड़ताल

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से अपनी हड़ताल समाप्त कर कल से काम पर लौटने का आग्रह किया है। नई दिल्ली से शिमला लौटने के बाद आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये डॉक्टर गलत का साथ दे रहे हैं जो सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बातचीत से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है और वे आई.जी.एम.सी. के वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ इस मामले को लेकर चर्चा करेंगे।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को पानी–बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ललड़ी के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और बुनियादी ढांचे में हुए ठोस कार्यों से इलाके की तस्वीर ही बदल गई है। उन्होंने स्कूल में एक करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से बन रही विज्ञान प्रयोगशाला के कार्य को जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में शांति, विकास और लोकतांत्रिक मज़बूती की नई शुरूआत हुई है। उन्होंने आज जम्मू–कश्मीर के कठुआ में ए.

बी.वी.पी. के क्रांति अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जयराम ठाकुर ने कहा कि ज्ञान, शील और एकता के मूल मंत्र के साथ देश के युवाओं के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में ए.बी.वी.पी. का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद चरित्र निर्माण की कार्यशाला है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्षों तक अलगाववाद व अस्थिरता से जूझ रहे जम्मू–कश्मीर में जनजीवन तेजी से पटरी पर लौटा है और आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा जम्मू–कश्मीर मज़बूती के साथ विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा है।

<u>रोहित ठाकुर</u>

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज कोटखाई उपमण्डल के अडेवग में डोम देवता खांटा देव शांत यज्ञ में शिरकत की। उन्होंने बताया कि हिमाचल में देव संस्कृति का एक विशेष रंग है और इस तरह के अनुष्ठान देव संस्कृति को संजोए रखने में मददगार हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि देव शांत यज्ञ का आयोजन लगभग 56 वर्षों से किया जा रहा है और इसमें आसपास के कई प्रमुख देवता भाग लेते हैं।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मनाली को लाहौल से जोड़ने वाली दुनिया की सबसे लम्बी राजमार्ग सुरंग अटल टनल रोहतांग ने लाहौल घाटी में पर्यटन की तस्वीर ही बदल दी है। उन्होंने ''मोदी युग में आर्थिक सशक्तिकरण'' नामक अपनी पुस्तक में भी इसका उल्लेख किया है। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ये सुरंग बनकर तैयार हुई है और इससे लाहौल घाटी की सामाजिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस सुरंग को हर महीने औसतन एक लाख पर्यटक पार करते हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम आमतौर पर साफ बना रहा और दिन के समय धूप खिली रही। पिछले कई दिनों से वर्षा न होने से खुश्क ठण्ड बढ़ती जा रही है। राज्य के मैदानी इलाकों में सुबह–शाम लोगों को धुंध का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन मैदानी व निचले क्षेत्रों में धुंध को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 30 दिसम्बर से ऊपरी क्षेत्रों में कहीं–कहीं बर्फबारी जबकि अन्य भागों में हल्की वर्षा की संभावना है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में इस वर्ष भारत ने छोड़ी अमिट छाप।

- मन की बात कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने लोगों से फिट इंडिया अभियान से जुड़कर व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डॉक्टरों की हड़ताल को बताया गलत– कल से काम पर लौटने का किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– धारा 370 हटने के बाद जम्मू–कश्मीर में शांति व विकास की हुई नई शुरूआत।